रोहतक

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 84
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 43.1
न्यून. 17.2

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,801.43 | 315.06 ▼ |
| निफ्टी | 24,246.70 | 82.25 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 99,400 /- | 200/- ▲ |
| चांदी | 99,900/- | 700/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.29 | 16 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 66.10/ बैरल | 0.03% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

**चेतावनी :** जो भी पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं वे वीजा अवधि खत्म होने से पहले लौट जाएं, भारतीय भी पाक से वापस आएं

**कड़ा संदेश :** पीएम बोले-आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया, कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी, दोषियों को बख्शेंगे नहीं

**आक्रोश :** पहलगाम हमले के खिलाफ देश में प्रदर्शन, कई जगह पाक का झंडा फूंका, आतंकियों को मौत के घाट उतारने की मांग

**कड़ा एक्शन:** कश्मीर में हाई अलर्ट पर सुरक्षा बल वापस जाने के लिए अटारी बॉर्डर पर जुटे पाक नागरिक

# भारत छोड़ें पाकिस्तानी, 29 अप्रैल से मेडिकल वीजा भी मान्य नहीं, भारतीय भी पाक न जाएं

## अटारी में रिट्रेट सेरेमनी में बीएसएफ जवानों ने पाक रेंजर्स से हाथ नहीं मिलाया ▶▶ दिल्ली में कई देशों के राजदूतों को दी जानकारी ▶▶ पाक को सिंधु जल संधि स्थगित करने की सूचना भेजी

भाषा/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाक नागरिकों को जारी सभी वीजा रद करने की घोषणा की। वहीं पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को यथाशीघ्र स्वदेश लौटने की सलाह दी। पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के बीच भारत ने यह कदम उठाया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद कर दिए गए हैं। इसने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध रहेंगे। भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा अवधि समाप्त होने से पहले देश छोड़ना होगा। इसने भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने का परामर्श दिया और पाकिस्तान में मौजूद लोगों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की सलाह दी। भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है। जो भारतीय नागरिक इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी गई है। भाररत ने बुधवार को पाकिस्तान के साथ अपने कू ट नी ति क संबंधों को और कम कर दिया है और कई कड़े कदम उठाए हैं। दूसरी तरफ, केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की। इसके साथ ही सरकार ने पाकिस्तान को सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित रखने के अपने निर्णय से अवगत कराते हुए कहा कि पड़ोसी देश ने संधि की शर्तों का उल्लंघन किया है। विश्व बैंक की मध्यस्थता से 1960 में भारत और पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि की थी।



*(संबंधित पैकेज पेज 8 पर)*



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए आईबी अधिकारी मनीष रंजन का पार्थिव शरीर गुरुवार को पश्चिम बंगाल में पुरूलिया जिले के झालदा स्थित उनके आवास पर लाया गया। यहां लोगों ने नम आंखों से अपने जाबांज बेटे को अंतिम विदाई दी।

### देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया : मोदी



**मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने का संकल्प जताते हुए कहा कि अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। मोदी ने बिहार के मधुबनी में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। भारत एक एक आतंकवादी और उनके आकाओं की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे।

### आतंक के खिलाफ सभी दल एकजुट, सरकार के हर एक्शन को विपक्ष ने दिया समर्थन





रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में आतंक के खिलाफ सभी दलों ने एकजुटता दिखाई। सभी ने एक सुर में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। वहीं, सरकार ने माना कि पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। इस दौरान विपक्ष ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं। विपक्षी सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। कहा की सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए।

**घबराए पाक की गीदड़भभकी**

## भारत ने सिंधु जल रोका तो यह जंग जैसा होगा: शरीफ



पाक ने भारत के लिए बंद किया अपना हवाई क्षेत्र **शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित**

इस्लामाबाद(भाषा)। पाक ने गुरुवार को भारतीय एयरलाइन के लिए अपना हवाई क्षेत्र और वाघा सीमा चौकी को बंद कर दिया, भारत के साथ सभी प्रकार के व्यापार पर रोक लगा दी। भारत की सख्ती से घबराए पाक ने कहा कि सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले पानी को रोकने या परिवर्तित करने का कोई भी प्रयास युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। ये घोषणाएं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद की गईं। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा को किसी भी तरह का खतरा होने पर हर तरह से मजबूती से जवाब दिया जाएगा।

**एनएससी की बैठक में ये फैसले लिए**

- शिमला समझौते व सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित कर दिया, सभी प्रकार के व्यापार पर रोक
- **भारतीय एयरलाइन के लिए पाक हवाई क्षेत्र और वाघा सीमा चौकी को भी बंद किया।**
- दक्षेस वीजा छूट योजना के तहत भारतीयों के लिए वीजा रद किया।
- सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर बाकी सभी भारतीयों को 48 घंटे में वापस लौटना होगा।
- भारत के साथ सभी तरह के व्यापार पर भी रोक। जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार भी शामिल हैं।
- सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले को 'खारिज' किया और कहा कि यह 24 करोड़ पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है।
- भारतीय उच्चायोग में अपने सैन्य सलाहकारों को भी 30 अप्रैल तक वहां से चले जाने को कहा है।

### पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की फिल्म 'अबीर गुलाल' भारत में रिलीज नहीं होगी

आतंकवादी हमले के मद्देनजर पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म 'अबीर गुलाल' को भारत में जारी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस फिल्म में फवाद मुख्य भूमिका में हैं। आरती एस. बागड़ी द्वारा निर्देशित और वाणी कपूर अभिनीत यह फिल्म नौ मई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। सूत्रों ने बताया, ''पाकिस्तान के अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म 'अबीर गुलाल' को भारत में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा।

### पाक रेंजर्स ने भूल से सीमा पार करने वाले बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया, रिहाई को वार्ता जारी

बीएसएफ के जवान को गलती से पंजाब की सीमा पार कर जाने के बाद पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि जवान की रिहाई के लिए दोनों देशों के बलों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि 182वीं बटालियन के कांस्टेबल पीके सिंह को बुधवार को फिरोजपुर सीमा पार से पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। अधिकारी ने बताया कि जवान वर्दी में था और उसके पास सर्विस राइफल भी थी। जवान किसानों के साथ था और वह छाया में आराम करने के लिए आगे बढ़ा, जिसके बाद उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया।

### गृह मंत्री शाह और विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात, दी जानकारी

पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों और पाकिस्तान को करारा जवाब देने का मन बना लिया है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान उनके हाथ में एक लाल फाइल भी थी। यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर हुई। इस हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। राष्ट्रपति भवन ने बैठक की एक तस्वीर शेयर की है।

### पाक नागरिकों की वापसी शुरू, भारत ने चार पाकिस्तानी महिलाओं को भेजा

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिए जाने के एक दिन बाद इस पड़ोसी देश के कई नागरिक बृहस्पतिवार को अटारी-वाघा सीमा मार्ग से स्वदेश लौटने लगे। विजिटर वीजा पर आई पांच पाकिस्तानी महिलाओं में से चार को गुरुवार को बुलंदशहर से वापस पाकिस्तान भेज दिया गया। इस दौरान सभी महिलाएं रोती हुई नजर आईं। वहीं बृहस्पतिवार सुबह कई पाकिस्तानी परिवार अटारी-वाघा सीमा मार्ग से स्वदेश लौटने के लिए अमृतसर स्थित आईसीपी पहुंचे।

**आईपीएल में आज**



चेन्नई V/S हैदराबाद
: समय : 7.30 PM
: स्थान : चेन्नई

**खबर संक्षेप**

### नीतीश कटारा हत्याकांड विकास को 8 मई को बेल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में 25 साल की जेल की सजा काट रहे विकास यादव को उसकी बीमार मां से मिलने के लिए आठ मई तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों के एक बोर्ड द्वारा यादव की मां की जांच कराये जाने का भी निर्देश दिया। भाषा

## चरखी दादरी में सीबीआई छापा, रिटायर्ड कर्नल 22 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा/चरखी दादरी

सीबीआई पंचकूला की टीम ने चांदवास गांव में एक रिटायर्ड कर्नल अमरजीत सिंह के आवास पर छापा मारकर 22 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उनके दूसरे साथी हिसार निवासी संविदा कर्मचारी मुकेश कुमार को दिल्ली से पकड़ा गया है। सीबीआई टीम दोनों को लेकर पंचकूला रवाना हो गई है। दोनों को पंचकूला की सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**दूसरे आरोपित हिसार निवासी संविदा कर्मचारी को दिल्ली से गिरफ्तार किया**

**दोनों को आज सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा**



आरोपी कर्नल को अपने साथ ले जाती सीबीआई।

**राजगढ़ के अस्पताल संचालक को ईसीएचएस पैनल से बाहर करवाने को लेकर कर्नल ने मांगे थे पैसे**

राजस्थान के राजगढ़ निवासी महता मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल के संचालक ने सीबीआई पंचकूला को शिकायत देकर अस्पताल को ईसीएचएस पैनल से बाहर करने की चेतावनी दी थी। ईसीएचएस पैनल में रखने के लिए 22 लाख देने तय हुए थे। जिसके बाद सीबीआई की टीम ने चिकित्सक को साथ लेकर 22 लाख रुपये को पाउडर लगाकर रिटार्यड कर्नल से संपर्क करवाकर भेज दिया। रात्रि लगभग एक बजे जैसे ही चिकित्सक ने चांदवास गांव में रिटायर्ड कर्नल को 22 लाख दिए। सीबीआई टीम ने उसे पकड़ लिया।

**2017 में हुए थे सेवानिवृत्त**

कर्नल अमरजीत सिंह 2017 में भारतीय सेना से कर्नल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद बाढड़ा में सीडीएस कैंटीन में प्रबंधक के तौर पर कार्य किया है। इसके बाद राजगढ़ में सीएसडी कैंटिन में प्रबंधक के तौर पर कार्य किया। जहां से लगभग छह माह पूर्व ही सेवा छोड़ी थी। उनके एक पुत्र व दो पुत्री हैं। उनके पुत्र नेवी में लेफ्टीनेंट के तौर सेवारत हैं। उनकी एक बेटी चिकित्सक हैं।

## नौसेना के युद्धपोत से मिसाइल का परीक्षण

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस सूरत' ने मध्यम दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। बताया जा रहा है कि इस मिसाइल की मारक क्षमता करीब 70 किलोमीटर है। नौसेना ने कहा, 'भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस सूरत' ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक हमला किया, जो नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।' इसने कहा, 'यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है और रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।' नौसेना ने कहा कि यह 'मील का पत्थर'' राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए बल की 'अटूट प्रतिबद्धता' का सबूत है।

**सतह से हवा में मार करने में सक्षम**

## कश्मीर के उधमपुर में मुठभेड़, जवान शहीद

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना के विशेष बलों का एक जवान शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर कहा, खुफिया सूचना के आधार पर उधमपुर के बसंतगढ़ में पुलिस के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया गया। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने पर भीषण गोलीबारी हुई। शुरुआती गोलीबारी में एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।' शहीद जवान की पहचान विशेष बलों के 6 पैरा के हवलदार झंटू अली शेख के रूप में की गई है। इलाके से पूछताछ के लिए 4 संदिग्धों को भी पकड़ा गया है। यह 24 घंटे में जम्मू में तीसरी मुठभेड़ है।



सुरक्षाबलों ने उद्यमपुर में आतंकवादियों को घेरा

## जींद में मां के साथ गैंगरेप 5 साल की बेटी का मर्डर

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** एक महिला के साथ गैंगरेप कर उसकी 5 साल की बेटी हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवाए बिना ही श्मशान में दबा दिया। प्रशासन को जैसे ही इस मामले का पता चला तो उन्होंने श्मशान में जाकर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव निकलवाया। बच्ची की मां बेसुध हालत में कूड़े के ढेर के पास मिली। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली महिला (35) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिवार कूड़ा बीनने का काम करता है। मंगलवार रात उसके पति का पड़ोसी अमित से झगड़ा हो गया। पुलिस ने समझौता करवा था।

**बिना पोस्टमार्टम श्मशान में दबाया शव प्रशासन ने निकलवाया, कूड़े के ढेर पर बेसुध मिली पीड़ित महिला**

**मां-बेटी को घर से उठाया**

वह रात को अपने 3 बच्चों के साथ झोपड़ी में सो रही थी। तभी आरोपित अमित तीन युवकों को साथ लेकर आया और उसे व उसकी बच्ची को उठा ले गया। जहां उसने बच्ची की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके साथ चारों आरोपितों ने गैंगरेप किया। वह पूरी रात बेसुध हालत में कूड़े के ढेर पर ही पड़ी रही। होश में आने से पहले ही बच्ची को श्मशान में दफना दिया। वीरवार को उसे होश आया तो उसने अपने पति को सारी बातें बताई। इसके बाद पुलिस को मामले की शिकायत दी गई। शहर थाना पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ मर्डर, गैंगरेप समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

**कार्रवाई** धन शोधन के मामले में ईडी की टीम ने आठ ठिकाने खंगाले

*कोचिंग सेंटरों से मिली धन राशि को निजी कामों में प्रयोग किया*

## गुरुग्राम में फिटजी कोचिंग सेंटर पर छापे, छात्रों से पैसे ले सेंटर बंद किए

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत बृहस्पतिवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आठ परिसरों पर छापे मारे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने वाले 'फिटजी' ने हाल में अपने केंद्र अचानक बंद कर दिए थे, जिससे कई छात्र मुश्किल में पड़ गए थे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, नोएडा एवं गुरुग्राम में संस्थान, इसके प्रवर्तक डी के गोयल और कुछ अन्य लोगों से जुड़े आठ स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

**देशभर में कई सेंटर पर ताले**

अधिकारियों ने बताया कि जनवरी में देश भर में कई फिटजी केंद्र बिना किसी सूचना के अचानक बंद कर दिए गए थे। अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पूरे साल के लिए अग्रिम भुगतान कर दिया था लेकिन फिटजी ने अपने केंद्र अचानक बंद किए जाने के बारे में उन्हें सूचित नहीं किया जिससे 12,000 छात्रों का भविष्य अनिश्चितता में फंस गया।



**यूपी और दिल्ली में एफआईआर**

हालांकि ईडी की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि सुबह से ही कोचिंग सेंटर पर टीम कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटर से वसूले गए पैसों का दुरुपयोग किया गया। अब ईडी इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि पैसों का गलत इस्तेमाल कैसे और किन उद्देश्यों के लिए किया गया। उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर यह कार्रवाई शुरू की गई है।




# पहलगाम हमला मानवता पर कलंक, बदला लिया जाएगा : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

जम्मू-कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हाल ही में हुए कायर्तापूर्ण आतंकी हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने गहरा दुख और आक्रोश प्रकट किया है। उन्होंने इस जघन्य हमले को मानवता पर कलंक बताया और स्पष्ट कहा कि इसका माकूल जवाब जरूर दिया जाएगा। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कश्मीर घाटी जैसे शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल पर निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाना आतंकियों की कायरता को दर्शाता है। ये हमला केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन और भारत की आत्मा पर किया गया है। देश इसे कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, इस नृशंस हमले का 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं के अनुरूप जवाब देंगे। ये नया भारत है, जवाब जरूर मिलेगा, निर्णायक, सटीक और ऐसा जो दुश्मनों को संदेश देगा कि भारत के धैर्य की परीक्षा लेना कितना महंगा पड़ता है।



कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्तमंत्री, हरियाणा

## पीड़ित परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वह समय दूर नहीं जब क्षेत्र में फिर से शांति और खुशहाली लौटेगी। पहलगाम की वादियां फिर से गूंजेंगी, पर इस बार आतंक की नहीं, शांति, प्रेम और न्याय की गूंज होगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

## सरकार की प्राथमिकता

- दोषियों को जल्द से जल्द से जल्द मिट्टी में मिलाना।
- सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना
- जम्मू-कश्मीर में पर्यटन और विश्वास की पुन:स्थापना करना

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल नरवाल के घर पहुंचे, आखें हुई नम



**चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल आज करनाल पहुंचे और पहलगाम के आतंकवादी हमले के शिकार हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के निधन पर परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों और विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की वेदना सुनकर मनोहर लाल की आंखे नम हो गईं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है और परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर से पर्यटकों को वापस लाने के लिए एयर इंडिया की दो स्पेशल हवाई उड़ानें तय की गई हैं और प्राइवेट एयरलाइंस की भी उड़ाने तय की गई हैं।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-फेल्यर-अलार्म-25-26, दिनांक 23.04.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-फेल्यर-अलार्म-25-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तारीख: 19.05.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत ट्रैक चार्जर फेल्यर अलार्म सिस्टम के प्रावधान के साथ अत्यंत पुराने ट्रैक फीड चार्जर का प्रतिस्थापन। विज्ञापित मूल्य: रु. 8,71,83,097.87; बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 5,85,900; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0.00; प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। समापन अवधि: 12 महीने। बोली शुरू होने की तारीख: 05.05.2025. (HWH-44/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विनय नरवाल के परिवार से की बात

**चंडीगढ़।** राज्यपालबंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से बात की। विनय देश के वीर सपूत थे, जिन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपनी जान गंवा दी। राज्यपाल ने पहलगाम आतंकी हमले को मानवता के खिलाफ सबसे जघन्य अपराध बताते हुए इस क्रूर कृत्य की कड़ी निंदा की और कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण हमले कभी भी भारतीय नागरिकों, सशस्त्र बलों या राष्ट्र की भावना के संकल्प को हिला नहीं पाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि एक बहादुर और युवा नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की क्षति को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

### कांग्रेस नेता उदय भान ने नरवाल को श्रद्धांजलि दी

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उदय भान ने आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट होकर खड़ा है। अब वक्त खोखले दावों का नहीं, जिम्मेदारी निभाने का है। सरकार को चाहिए कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी सच्चाई को स्वीकार करे और ऐसा ठोस एक्शन ले, जिससे भविष्य में इस तरह की बर्बरता दोहराने की हिम्मत कोई न कर सके ।

## पंचकूला में राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह, सीएम की सौगात

# विकास के लिए पंचायतों को 368 करोड़ 18.28 करोड़ से बनेंगी महिला चौपालें

- मुख्यमंत्री ने 22 जिला परिषदों, 142 पंचायत समितियों और 5388 ग्राम पंचायतों को स्टाम्प ड्यूटी के अंश के रूप में 573 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए
- 41 हजार 591 नए लाभार्थियों को सीएम ने पेंशन लाभ वितरित किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में पंचायतों को 368 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। जिला पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 233 करोड़ रुपये की लागत के 923 विकास कार्यों का उद्घाटन तथा 135 करोड़ रुपये की लागत के 413 विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में 22 जिला परिषदों, 142 पंचायत समितियों और 5388 ग्राम पंचायतों को स्टाम्प ड्यूटी के अंश के रूप में 573 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। मुख्यमंत्री ने 511 ग्राम पंचायतों को महिला चौपालों के निर्माण के लिए 18.28 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की। साथ ही, 411 जिला परिषद सदस्यों तथा 3081 पंचायत समिति सदस्यों को 1.45 करोड़ रुपये की मानदेय राशि भी जारी की। समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना शुरू

समारोह के दौरान, नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना का भी शुभारंभ किया। इसके तहत उन पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कृषि उत्पादकता, डिजिटल संपर्क और टिकाऊ बुनियादी ढांचे जैसे सामाजिक-आर्थिक मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। जनसंख्या के आधार पर, पहले स्थान पर आने वाली ग्राम पंचायतों को 51 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाली पंचायतों को 31 लाख और तीसरे स्थान वाली पंचायत को 21 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि स्थानीय विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ट्रेनिंग किट दिए जाने का भी शुभारंभ किया। इस अभियान में प्रदेश के सभी 71 हजार निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस एक साल में रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी और सबको ट्रेनिंग किट दी जाएगी।

### 'मेरा गांव मेरी धरोहर' पुस्तिका का विमोचन

समारोह के दौरान नायब सिंह सैनी ने मेरा गांव-मेरी धरोहर तथा मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना की पुस्तिका का विमोचन भी किया। सैनी ने कहा कि प्रत्येक जिले के एक गांव की एक ऐसी कहानी चुनी है, जो उस गांव के धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गौरव को दर्शाती है। इन 22 कहानियों को 'मेरा गांव मेरी धरोहर' पुस्तक में संकलित किया गया है।

### 12 करोड़ 59 लाख पेंशन खाते में डाले

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह स्थल से ही पेंशन योजनाओं के 41,591 नये लाभार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में राशि जारी की। खातों में 12 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि डाली गई है।

## कचरा संग्रहण के लिए फीडबैक सेल का गठन करें : सीएम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकायों में कचरा संग्रहण कार्य में आमजन का फीडबैक लेने के लिए विभाग द्वारा फीडबैक सेल की स्थापना की जाए। इस सेल को सीएम डैशबोर्ड के साथ लिंक किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों के फीडबैक के आधार पर अच्छा कार्य करने वाले निकायों को सम्मानित किया जाएगा तथा कोताही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

## पहरावर में मनेगी राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती : डॉ अरविंद शर्मा

**चंडीगढ़।** सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि भगवान परशुराम जयंती का राज्य स्तरीय समारोह आगामी 17 मई को रोहतक के पहरावर में मनाया जाएगा। डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के कोने-कोने से ब्राह्मण समाज व सर्व समाज अपनी भागीदारी करेगा।

**District IT Society, Sonipat**

**TENDER NOTICE**

We invite sealed tenders under two bid systems i.e technical and financial from eligible and experienced bidders for providing manpower services (Junior Programmer, Computer Operators, Peons, watchman's, Security Guards, MTS etc.) to our society. The required terms and conditions are available on our official District Website i.e. sonipat.gov.in. The last date for submission of bids (Technical & Financial) is 14.05.2025 upto 1300 hrs in District Information & Technology Society, Sonipat office, Room No. 302, 3rd Floor, Mini Secretariat, Sonipat 131001. Whereas, the bids will open on 14.05.2005 at 1500 hrs.

Sd/- Deputy Commissioner-cum-Chairman, DITS, Sonipat.

NOTE: Deputy Commissioner-cum-Chairman, DITS, Sonipat reserves the right to accept or reject any tender bid without assigning any reasons.

**PUBLIC NOTICE**

Office of Civil Surgeon Sirsa

Advisement No- NUHM/SRS/2025-26/42 Dated-24-04-2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिरसा शहर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर शिव नगर और शक्ति नगर सिरसा के लिए भवन किराये पर लिए जाने हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्था जो इन स्थान पर भवन किराये पर या मुफ्त देने के लिए इच्छुक हैं, वह अपने आवेदन दस्ती तौर (By Hand) पर NHM कार्यालय, सिविल अस्पताल, सिरसा में दिनांक 30-04-2025 तक सांय 04 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर जमा करवा सकते हैं। आवेदन पत्र एवं नियम, शर्तें किसी भी कार्यदिवस में NHM कार्यालय से लिखित अनुरोध पर प्राप्त की जा सकती हैं नियम व शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया आधिकारिक वेबसाइट www.nhmsirsa.org पर जाएं।

Sd/-Civil Surgeon Sirsa

पीआरडीएच 1058/11/1034/2026/34178/88/6 दि. 24.04.25

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में फिल्ड-डे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रम में प्रतिदिन 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाना निश्चित हुआ है। इस दौरान बागवानी से संबंधित "मशरूम उत्पादन" विषय पर किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कार्यकम में बागवानी विभाग, हरियाणा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, महेन्द्रगढ़ के अधिकारीगण एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उपरोक्त विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही उद्यान विभाग, हरियाणा द्वारा किसानों के प्रोत्साहन के लिए चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याणकारी स्कीमों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इस दौरान जिले के प्रगतिशील बागवानी किसानों के खेत / युनिट पर किसानों को भ्रमण कराया जाएगा जिससे किसान नवीनतम बागवानी तकनीक की जानकारी प्राप्त कर सकें। फिल्ड-डे कार्यकम का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | दिनांक | फिल्ड-डे कार्यक्रम का विषय |
|---|---|---|
| 01 | 25.04.2025 | मशरूम उत्पादन |

इस कार्यकम में भाग लेने के लिए जिला महेन्द्रगढ़ एवं आस-पास के क्षेत्र के किसान दिनांक 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में आमंत्रित हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच 1149/11/811/2026/34159/88/6 दि. 24.04.2025

# हाईटेक होगी पुलिस, मशीन गन, पॉलीग्राफ सिस्टम चेहरों की पहचान के लिए नए सॉफ्टवेयर खरीदें जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की बैठक हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए राज्य कार्य योजना की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि समिति ने 22.09 करोड़ रुपये की राज्य कार्य योजना को मंजूरी दी है, जिसमें पिस्तौल और सीक्यूबी (मशीन गन) जैसे उन्नत हथियार और उपकरण, छवि और वीडियो संवर्द्धन सॉफ्टवेयर, चेहरे की पहचान और तुलना सॉफ्टवेयर, सहायक उपकरण के साथ पॉलीग्राफ सिस्टम, अगली पीढ़ी के सीक्वेंसर और ट्रिनोक्यूलर स्टीरियो-जूम माइक्रोस्कोप जैसे एफएसएल उपकरण, साथ ही हाई-टेक संचार, सुरक्षा, सीसीटीएनएस और प्रशिक्षण उपकरण की खरीद शामिल है। आधुनिक उपकरण के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए डोमेन विशेषज्ञों को लगाया जाएगा।



बैठक में बताया गया कि अब तक हरियाणा के 13 जिलों में एनालॉग संचार उपकरणों को डिजिटल सिस्टम द्वारा बदल दिया गया है और जल्द ही सभी जिलों को इसके तहत कवर किया जाएगा। डॉ. सुमिता मिश्रा ने अधिकारियों को पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए 150 करोड़ रुपये की योजना के पहले चरण के तहत अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए अलग प्रस्ताव बनाया जाना चाहिए।

## गोदामों में 97.50 करोड़ का गेहूं खराबः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही से करनाल के गोदामों में रखा 97.50 करोड़ का गेहूं खराब हो गया जो खाने योग्य भी नहीं रहा है। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी गोदामों में रखे गेहूं की जांच करवाई जाए। सांसद सैलजा ने कहा कि करनाल जिला में नेवला, असंध और नीलोखेडी के गोदामों में रखे गेहूं में सुरसरी लगने से वह खाने लायक भी नहीं रहा। अधिकारियों की लापरवाही गरीबों की थाली से रोटी छीन रहे हैं, सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि अन्न का अपमान देश के अन्नदाता का अपमान है।

## 30 अप्रैल का राजपत्रित अवकाश रद

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर राजपत्रित अवकाश नहीं होगा। मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 26 दिसंबर, 2024 को जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए, अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में घोषित राजपत्रित अवकाश को रद्द किया जाता है, क्योंकि यह अनजाने में लिखा गया था।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बॉटनी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 42/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 04.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | जूलॉजी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 67/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 04.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 3. | कैमिस्ट्री विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 43/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 11.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 4. | फिजिक्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 61/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 11.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 28.04.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 24.04.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद-1156/13/318/2026/34177/88/6 दि. 24.04.25

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 04-अम्बाला/2025-26 दिनांक 23.04.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/आरपीजे के अधीन यूएमबी-एलडीएच सेक्शन पर पुल संख्या 322-ए की वापसी दीवारों को मजबूत करना तथा पुल संख्या 385 के पियरों की जैकेटिंग करना। | 60,23,834 | 1,20,500 | 06 महीने | 16.05.2025 |
| 2 | एडीईएन एसआरई के अधीन एचएनसी-एसआरई सेक्शन पर टीबीसीएसआर (एच-बीम) 286 नग, ब्रि. नंबर 1317 यूपी और डीएन का कार्य। | 81,47,932 | 1,63,000 | 12 महीने | 16.05.2025 |
| 3 | (i) एडीईएन/एसआरई के तहत टीबीसीएसआर (एच-बीम)-ब्र. संख्या- 245 यूपी और 263 यूपी, (ii) टीबीसीएसआर (एच-बीम) एसआरई-यूएमबी ब्र. संख्या- 245 डीएन और 263 डीएन का कार्य। | 4,68,36,366 | 3,84,200 | 18 महीने | 16.05.2025 |
| 4 | एडीईएन/पीटीए के अधीन आरपीजे-डीयूआई सेक्शन पर एसएसई/पी.वे/पीटीए सेक्शन में एल.सी. संख्या 19ए, 24एसपीएल, 32 सी, 34सी पर रबरयुक्त सतह। | 64,92,094 | 1,29,900 | 04 महीने | 16.05.2025 |
| 5 | सीनियर डीईएन-II के तहत पुल के सबस्ट्रक्चर की जैकेटिंग के साथ-साथ पीएससी स्लैब के साथ पुल के स्टील गर्डरों को बदलने और पुल संख्या 190, 197-ए 1, 220 ए, 232 डीयूआई- जेएचएल, पुल संख्या 49 जेएचएल-एचएसआर पुल संख्या 30, 82, 135 एलडीएच-डीयूआई पुल संख्या 60-ए, 100 आरपीजे-बीटीआई, पुल संख्या 221, 292 डीयूआई-बीटीआई और पुल संख्या 143 बीटीआई- एसजीएनआर सेक्शन के सबस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए स्ट्रक्चरल ड्राइंग की आपूर्ति। | 4,11,55,977 | 3,55,800 | 18 महीने | 16.05.2025 |
| 6 | (i) एडीईएन/पीटीए के अधीन एलडीएच-डीयूआई खंड पर एएचएच-केयूपी के बीच किमी 28/1-2 पर पुल संख्या 71 (3x8.54 मीटर, 2x3.35 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप-संरचना की जैकेटिंग। (ii) एडीईएन/पीटीए के अधीन जेएचएल-एचएसआर खंड पर जेपीएस- यूकेएन के बीच किमी 21.773 पर पुल संख्या 19-ए (5x6.10 मीटर) के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब के साथ बदलने के लिए संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति के साथ पुल उप- संरचना की जैकेटिंग। | 1,24,29,832 | 2,12,200 | 08 महीने | 16.05.2025 |
| 7 | रेल विहार कॉलोनी अंबाला कैंट में इनडोर स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का प्रावधान। | 2,07,01,238 | 2,53,500 | 06 महीने | 16.05.2025 |
| 8 | यूएमबी-सीडीजी और सीडीजी-एमआरएनडी वंदे भारत मार्ग पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के साथ सुरक्षा बाड़ (चरण-2 प्रीकास्ट आरसीसी सीमा दीवार) का प्रावधान। | 14,21,28,319 | 8,60,700 | 10 महीने | 16.05.2025 |
| 9 | एडीईएन/बीटीआई अनुभाग में विभिन्न पुलों की मरम्मत। | 39,61,265 | 79,200 | 04 महीने | 16.05.2025 |

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1213/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इनेलो ने 27 हलकों के प्रधान नियुक्त किए




**चंडीगढ़।** इनेलो ने 27 हलकों के हलका अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने चंडीगढ़ पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान आरएस चौधरी, प्रकाश भारती, अदित्य देवीलाल, डॉ. सतबीर सैनी और सरदार छत्तर सिंह मलहान के साथ अंबाला जोन के सभी नवनियुक्त जिला प्रधान भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता शुरू करने से पहले 2 मिनट का मौन रख के पहलगाम में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। माजरा ने कहा कि देश और प्रदेश के हालात अच्छे नहीं हैं। आतंकवादी हमला कर देश की सुरक्षा को ललकारा गया है। पहलगाम में भारत के विभिन्न राज्यों से घूमने गए पर्यटकों की हत्याएं की गई। केंद्र सरकार ने दावा किया था कि 370 हटने के बाद आतंकवाद खत्म होगा और शांति होगी लेकिन सरकार के दावे खोखले निकले और आतंक आया है। बीजेपी वाले झूठे दावे करते हैं कि हमारा दुनिया में कद बढ़ रहा है लेकिन उसके उलट हमारी सुरक्षा भी नहीं है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय बहुतकनीकी मण्डी आदमपुर (हिसार) में मकान नं. सी-1 से सी-11 में रिवायरिंग। | 23.04.2025 01.05.2025 | 6.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव पाथरी, जिला पानीपत में राजकीय आईटीआई में आरओ सिस्टम, वाटर कूलर और स्प्लिट एयर कंडीशनर का प्रावधान । 1 कार्य। | 23.04.2025 01.05.2025 | 6.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव वजीरपुरा में टीपीएस पब्लिक स्कूल में विकास कार्य (चारदिवारी)। | 23.04.2025 01.05.2025 | 9.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 sdoprgohana2@gmail.com |
| 4 | महानिदेशक बागवानी हरियाणा पंचकूला | एकीकृत बागवानी प्रबंधन प्रणाली। | 25.04.2025 08.05.2025 | 10 | https://etenders.hry.nic.in | 7988480986 sseithort-hry@nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3सीएस क्षमता) 2. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5सीएस क्षमता), 3. डीजल इंजन पम्पिंग सैट (2सीएस क्षमता), 3सीएस ईपी सैट के लिए स्टार्टर (20 एचपी)। | 24.04.2025 08.05.2025 | लाख एन/ए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/100/34187/I/88/6 दि. 24.04.25

# सोनीपत में मुठभेड़ के बाद दो इनामी बदमाश गिरफ्तार, फतेहाबाद में भी वांछित को दबोचा

## बदमाशों पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट व रंगदारी मांगने के संगीन आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/खरखौदा

खरखौदा में स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट, सीआईए गोहाना व सेक्टर-27 की टीम ने रोहणा-बरोणा रोड पर मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश हत्या, हत्या की कोशिश, लूट व रंगदारी मांगने के मामले में 20-20 हजार के इनामी थे। पुलिस ने आरोपितों को घेरा तो उन्होंने गोलियां चला दी। पुलिस ने बचाव में फायरिंग की तो आरोपितों के पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर दो पिस्तौल बरामद किए है। घायलों को खरखौदा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपित गांव छिछड़ाना निवासी संदीप और गांव रिंढाणा निवासी दीपक है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी अजय धनखड़ ने खरखौदा थाना पुलिस को बताया कि वह अपनी टीम के साथ रोहतक के सांपला में मौजूद थे। उन्हें जानकारी मिली कि दो युवक गुरुग्राम से छीनी गई बाइक पर खरखौदा में किसी वारदात को अंजाम देने आ रहे हैं। दोनों के पास हथियार हैं और वह बरोदा थाना क्षेत्र में हुई हत्या, हत्या की कोशिश, लूट व रंगदारी मांगने के मामले में वांछित है। उन्होंने सीआईए प्रभारी गोहाना अंकित व सीआईए सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पंवार को टीम के साथ बुलाया।

- पुलिस के ललकारने पर की फायरिंग, दोनों के पैर में गोली लगी



खरखौदा। अस्पताल में उपचाराधीन बदमाश।

उन्होंने तलाश शुरू की तो बरोणा रोड पर युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उनका पीछा शुरू कर दिया। तभी रोहणा की तरफ से इंस्पेक्टर अंकित ने टीम सहित रोकने की कोशिश की तो वह बरोणा की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो पीछे बैठे युवक ने इंस्पेक्टर अजय पर गोली चला दी। वह मशक्कत से बच सके। बरोणा की तरफ से सीआईए सेक्टर-27 प्रभारी अनिल की टीम को आता देखकर बदमाश खेतों की तरफ भागने लगे तो उनकी बाइक गिर गई। जिस पर वह पैदल भागने लगे। एक आरोपी ने इंस्पेक्टर अंकित पर गोली चला दी। जिस पर इंस्पेक्टर अजय व अंकित ने उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा तो वह नहीं रुके। इंस्पेक्टर अजय व अंकित ने बचाव में गोलियां चलाई तो दोनों आरोपियों के पैरों में लगी। जिससे वह घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके खिलाफ एक अन्य केस दर्ज किया है।

### युवक की कार से कुचलकर हत्या का आरोप, किसान से 50 लाख की रंगदारी मांगी

गिरफ्तार आरोपित गांव घड़वाल में 16 अप्रैल की देर रात मजदूर नरेश की स्विफ्ट कार से कुचलकर हत्या करने, कोहला के पास किसान साहिल से लूटपाट करने व किसान गांव कोहला के जोगेंद्र को कुचलने की कोशिश करने व शराब ठेके पर लूटे गए ट्रैक्टर से टक्कर मारने में वांछित थे। बदमाशों ने 18 अप्रैल को गांव छिछड़ाना में किसान रविंद्र से भी 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। उनकी गिरफ्तार पर 20-20 हजार का इनाम था।

### आरोपियों से हथियार बरामद

पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद हत्या, हत्या की कोशिश, रंगदारी, लूट के मामलों में वांछित दो आरोपियों को पकड़ा है। दोनों ने पुलिस टीम पर हमला किया था, बचाव में दोनों के पैर में गोली लगी है। अस्पताल से छुट्टी के बाद दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। उनके हथियार बरामद किए गए हैं।
**-नरेंद्र सिंह**, डीसीपी क्राइम सोनीपत



### बदमाश का पीछे लगी फतेहबाद पुलिस, बरवाला के पास मुठभेड़

**बरवाला।** हिसार बाईपास पर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक वांछित आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चर्चा है कि पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है लेकिन पुलिस का कहना है कि एक आरोपी पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि साथ लगते हिसार बाइपास पर अचानक पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ की सूचना मिली। पता चला कि फतेहाबाद पुलिस वांछित आरोपियों के पीछे लगी है। आरोपी हिसार बाइपास पर खेतों में आगे आगे भाग रहे थे और फतेहाबाद पुलिस व सीआईए भी आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके पीछे लगी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया।उधर, फतेहाबाद पुलिस अधिकारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि भूना निवासी वांछित आरोपी मनदीप को मौके से गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी कई मामलों में संलिप्त था। फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी की एक गाड़ी को भी कब्जे में लिया है। बरवाला डीएसपी सुमित कुमार और बरवाला थाना प्रभारी दिलबाग पूनिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फतेहाबाद पुलिस ने मौके पर सर्च अभियान भी चलाया। पुलिस तो गोली चलने की सूचना को अफवाह बता रही है परंतु मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि गोली चली है।



नारनौंद। घटनास्थल से सबूत जुटाते पुलिस कर्मचारी।

## स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने कार में जा रहे युवकों पर की फायरिंग

- फायरिंग में बाल-बाल बचे युवक
- पांच लोगों पर केस दर्ज

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव खांडाखेड़ी के पास भिवानी से स्विफ्ट गाड़ी में आ रहे दो युवकों पर स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार पांच बदमाशों ने गोली चला दी। गाड़ी में सवार दोनों युवक बाल बाल बच गए। बदमाश गोली चलाते ही मौके से जींद की तरफ भाग गए। सूचना मिलते ही हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पांच बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।बीबीपुर निवासी संदीप ने बताया कि वह पोल्ट्री फार्म का कार्य करता है। उसका एक पोल्ट्री फार्म गांव बीबीपुर और दूसरा सफीदों में है। गुरुवार को वह अपने दोस्त अमित के साथ भिवानी जेल में बंद अपने मित्र अंकित के साथ मुलाकात करने के लिए गए थे। जब वो वापिस अपने गांव आ रहे तो गांव खांडाखेड़ी के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी जो कि उनका पीछा कर रही थी उसने हमारी गाड़ी को टक्कर मारी जिसके कारण गाड़ी गड्ढों की तरफ चली गई। उन्होंने गाड़ी में गोली चलाई जो शीशे पर लगी। मौका मिलते ही हम दोनों ने गाड़ी से निकलकर खेतों की तरफ भाग कर अपनी जान बचाई। सभी बदमाश गाड़ी में सवार होकर जींद की तरफ भाग गए। तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्द्धन समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची और चारों तरफ नाकेबंदी करके बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## गेहूं के खेतों में आग लगी, ट्रैक्टर जला



**चोपटा।** गांव माखोसरानी व कैरांवाली में वीरवार को को गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग लगने से 125 एकड़ में गेहूं का भूसा जल गया। इसी के साथ ही आग बुझाते समय एक ट्रैक्टर भी जला गया। वहीं ट्रैक्टर का ड्राइवर हीरा सिंह भी झुलस गया। गांव माखोसरानी निवासी रामजीलाल श्योराण के गेहूं खेतों में आज सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। इसके बाद आग तेजी से बढने लगी। आग तेजी से फैलते हुए गांव कैरांवाली के समीप तक जा पहुंची। आग लगने की सूचना मिलने के बाद माखोसरानी, दड़बा कलां व कैरांवाली के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

## हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार, केस



**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने रोड़ी क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 से दो युवकों को 34 ग्राम 60 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त दोनों युवकों का काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो हरदीप सिंह उर्फ नेहरु पुत्र नायब सिंह के कब्जा से 24 ग्राम 89 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई जबकि आरोपी जगजीत सिंह उर्फ दीपू पुत्र कौर सिंह के कब्जा से 9 ग्राम 71 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। सेल प्रभारी ने बताया कि दोनों युवकों के कब्जा से कुल 34 ग्राम 60 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान हरदीप सिंह व जगजीत सिंह उर्फ दीपू पुत्र कौर सिंह निवासी बांदर पत्ती रोड़ी जिला सिरसा के रूप में हुई है।

## नकली बीज बेचने पर डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर व प्रोड्यूसर के खिलाफ केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** उप कृषि निदेशक कुरुक्षेत्र डा. कर्मचंद ने कहा कि जिले में नकली बीज बेचने पर कृषि विभाग ने डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर व प्रोड्यूसर के खिलाफ शाहबाद पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कराया है। डा. कर्मचंद ने बताया कि गुण नियंत्रण निरीक्षक, कुरुक्षेत्र डा. शशीपाल शर्मा ने शाहबाद मंडी से गेहूं के बीज डीबीडब्ल्यू 327 का एक नमूना लिया था जोकि जांच के दौरान निम्न स्तर का पाया गया था। सैंपल फेल आने पर डीलर व उत्पादक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। जिस पर डीलर द्वारा उनके कार्यालय में जवाब दे दिया गया, परंतु उत्पादक द्वारा बार-बार नोटिस जारी करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर विभाग द्वारा उत्पादक के पते पर उप कृषि निदेशक करनाल के माध्यम से लाइसेंस के लिए जानकारी मांगी गई। जिस पर उप कृषि निदेशक, करनाल ने अवगत कराया गया कि ऐसे किसी भी उत्पादक की कोई इकाई करनाल में नहीं है। डा. कर्मचंद ने कहा कि मामले की जांच करने पर गुण नियंत्रण निरीक्षक ने पाया कि डीलर द्वारा बीज पंजाब के पटियाला से एक डिस्ट्रीब्यूटर से लिया था। इसका बिल भी डीलर द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उत्पादक कंपनी बेस्ट सीड, करनाल के पते बसंत विहार, नजदीक न्यू शिव मंदिर, करनाल पर उप कृषि निदेशक, करनाल द्वारा कोई लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। इस पर विभाग ने शाहबाद पुलिस को शिकायत दी।



- कृषि विभाग की टीम ने शाहबाद मंडी से गेहूं के बीज डीबीडब्ल्यू 327 का सैंपल भरा था



आईपीएल : हेजलवुड ने 4 विकेट चटकाए, बने मैन ऑफ द मैच

# कोहली-पडीक्कल के अर्धशतक, आरसीबी की घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत

भाषा ▶▶ बेंगलुरु



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने जोश हेजलवुड (33 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से शिकस्त देकर इस सत्र में घरेलू मैदान पर पहली जीत का स्वाद चखा। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी 12-12 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार पांचवीं हार थी। इससे पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49 रन), रियान पराग (22 रन), नीतिश राणा (28 रन) और वैभव सूर्यवंशी (16 रन) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। पर हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार पर 22 रन जुटाये जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर आर्चर का विकेट झटका जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया। राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में भले ही दो विकेट गंवा दिए लेकिन उसने छह ओवर में 72 रन बना लिए थे जबकि आरसीबी का पावरप्ले में स्कोर बिना विकेट गंवाए 59 रन था।

### चेन्नई और हैदराबाद 6-6 हार से निराश, जीत से प्लेऑफ की उम्मीद होगी जीवंत

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे। चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा।

## अनिमेष ने 200 मीटर में जीता सोना
## चित्रावेल खेलेंगे वर्ल्ड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶ कोच्चि




ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 200 मीटर दौड़ में 20.40 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष 100 मीटर के रजत पदक विजेता 21 साल के कुजूर ने अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। रिलायंस का प्रतिनिधित्व कर रहे बोरगोहेन 20.80 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पुरुष त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने 17.37 मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और इस साल टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जेएसडब्लू का प्रतिनिधित्व कर रहे तेइस साल के चित्रावेल ने अपने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इससे पहले मई 2023 में क्यूबा के हवाना में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। चित्रावेल इस दौरान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के 17.22 मीटर के क्वालीफाइंग स्तर को भी हासिल करने में सफल रहे।

### भारत ने देश में रोका पीएसएल का प्रसारण, हटाए कर्मचारी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में पीएसएल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इसके एक दिन पहले बुधवार को भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया और सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को एक और झटका दिया गया है। यह पाकिस्तान सुपर लीग से जुड़ा हुआ है। दरअसल , मैच की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाला प्लेटफॉर्म फैनकोड भारत में अब पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का प्रसारण नहीं करेगा। यह निर्णय गुरुवार से लागू हो गया है। बता दें कि फैनकोड भारत में पाकिस्तान की क्रिकेट लीग का ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर था। पहलगाम में हुई घटना के बाद फैनकोड ने यह कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, भारत से लेकर पाकिस्तान तक के क्रिकेटर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में अब तक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक भारतीय फैंस फैनकोड पर पीएसएल का लाइव प्रसारण देख रहे थे। 10वें सीजन में 6 टीमों के बीच कुल 34 मुकाबले खेले जाने हैं। 18 मई को पीएसएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

### किताब 'टेस्ट क्रिकेट' में 150 साल की दास्तान




**नई दिल्ली।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरुप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, 'बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।

### सुपरबेट रैपिडः प्रज्ञानानंदा पर होंगी सबकी निगाहें



**वारसॉ।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से यहां शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। 'स्पीड शतरंज' में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा।

### पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के आधार पर हराया। अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी।

मैड्रिड ओपन टेनिस

## गेल मोनफिल्स जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की। गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

38 वर्षीय मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उन्होंने वोंग के खिलाफ मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 19 विनर्स लगाए। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।

### दो सेट में जीते बुब्लिक

पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में अलेक्जेंडर बुब्लिक ने एलेक्स मिशेलसन को 7-6 (2), 7-6 (4) से, कोमेसाना ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 6-4 से, नूनो बोर्गेस ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-7 (7), 7-6 (3), 6-3 से, आर्थर रिंडरकनेच ने रोमन सफीउलिन को 7-6 (4), 6-1 से और क्रिस्टोफर ओ'कोनेल ने कैमिलो उगो काराबेली को 6-3, 6-4 से हराया।



## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोरतम एक्शन जरूरी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से देश आक्रोशित है और देशवासी हमले के गुनहगारों को जल्द से जल्द सख्त सजा चाहते हैं। सरकार हमले के तुरंत बाद से कह रही है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशावासियों को भरोसा दिलाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। दरअसल, पहलगाम में आतंकवादी हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि यह देश की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस है। इसलिए, इसका कठोर सबक सिखाया जाना चाहिए। यूं तो, यह पहली बार नहीं है जब इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, अतीत में दर्जनों ऐसे बड़े आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें बेकसूर नागरिकों की जान गई है। सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, लेकिन जवाब काफी साबित नहीं हो रहा है। वक्त कुछ ठोस और बड़ा करने का है। आतंकवाद, आतंकी गुट और आतंकियों के खिलाफ उसके खात्मे तक सतत एक्शन चलते रहना चाहिए। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सीमाओं को हर हाल में फुलप्रूफ और सुरक्षित बनाना होगा, जिसमें परिंदा भी पर न मार सके। इजराइल की तरह हमें अपने एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा की लेजर व रडार बाड़बंदी करनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के अंदर इतना गुस्सा है कि लोग बात कम और एक्शन अधिक चाहते हैं। हमारी सेना हर स्तर पर माकूल जवाब देने में सक्षम है, नेतृत्व को आगे बढ़ने की जरूरत है। पहलगाम में हमलावर आतंकी के साथ-साथ इसकी साजिश रचने वालों को बेनकाब कर करारा जवाब दिए जाने की त्वरित आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक के बाद सभी विपक्षी दल सरकार के साथ हैं। अभी फौरी तौर पर बेशक सरकार ने अटारी बोर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाक के नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश देने, मेडिकल वीजा पर भी रोक जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि हमलावर आतंकियों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और भारत के साथ खड़े होने की बात कही है, लेकिन बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को विश्व जनमत के साथ अपने स्तर पर ही कठोरता से लड़ना होगा। आतंकी गुट हमास के हमले का इजराइल ने कैसे कड़ाई से जवाब दिया है, वो उदाहरण दुनिया के सामने है। आज आतंकवाद वैश्विक समस्या है, इसके खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा विश्व को समझाया है कि आतंकवाद ग्लोबल मुद्दा है और आतंकवाद को शह देने वालों को बेनकाब व अलग-थलग करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत ने आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को अलग-थलग करने का पूरा प्रयास किया है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को ढूंढकर अंजाम तक पहुंचाना होगा। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद पर लगाम लगाने में बहुत हद तक सफलता पाई है, लेकिन इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प व उस दिशा में हर स्तर पर एक्शन जरूरी है। सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था पर तगड़ी मार पड़ेगी, पर और भी कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।



आतंकी हमला
मनोज कुमार अग्रवाल

# नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हिंदुओं पर बढ़ रही सामुदायिक हिंसा



असुरक्षा
प्रभुनाथ शुक्ल

> आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं।

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़ गए। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बाद पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूछ कर नरसंहार किया गया।

यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है और कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलहाने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण, कश्मीर के राजनीतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहां बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान



हुआ है। वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनीतिक फैसलों ने इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और सेना में कार्यरत जवान की भी मौत हुईं है। शादी के बाद हनीमून मनाने गया युगल भी निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादाद में पर्यटकों की आमद हो रही थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफिया एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहां का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादाद में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊंचे पहाड़, नदियां, घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं। यहां की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा।

भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। हालांकि मुस्लिम इलाकों में भी हिंदू अतिवाद का स्वरूप देखने को मिला जहां मस्जिदों को निशाना बनाया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिंदू बंगाल पुलिस की मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। हालांकि, भारत में भी मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक अतिवाद में लिंचिंग की घटनाएं हुईं हैं, लेकिन जैसा हिन्दुस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं। अमेरिका में भी हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुईं हैं। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुईं हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं।

साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशल मीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश और संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी अतिवादी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'


## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *–राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार



भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।
**-मार्क कार्नी , पीएम, कनाडा**

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के ज़रिए साकार किया।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। **-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचें श्रद्धालु



पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

## ऑफ बीट

# महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

केंद्र ने 100 प्रतिशत टीकाकरण हासिल करने शुरू किया अभियान

# अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला को खत्म कर देंगे

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिए कार्यक्रम की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को विश्व टीकाकरण सप्ताह की शुरुआत के मौके पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 की शुरुआत की। इस अभियान का लक्ष्य है कि अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला बीमारी पूरी तरह खत्म कर दी जाए।सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत बच्चों को खसरा और रूबेला बीमारी से बचाने के लिए दो टीके निःशुल्क लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चों को 9 से 12 महीने की उम्र में दिया जाता है, जबकि दूसरा टीका 16 से 24 महीने की उम्र में लगाया जाता है। पहली खुराक 93.7 प्रतिशत बच्चों को और दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी है।

**निशुल्क लगाए जा रहे टीके**

**इसकी दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी**



**पोस्टर, रेडियो जिंगल और फिल्म भी जारी की**

नड्डा ने खसरा-रूबेला के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई भाषाओं में तैयार की गई सामग्री जैसे पोस्टर, रेडियो जिंगल, एमआर उन्मूलन पर फिल्म और यू-विन प्लेटफॉर्म की आधिकारिक लॉन्च फिल्म भी जारी की। ये सभी सामग्री एमआर उन्मूलन अभियान 2025-26 के दौरान इस्तेमाल करने के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा की गई है।

**100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने का लक्ष्य बनाया**

नड्डा ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है इस अभियान का मकसद है कि हर बच्चे को खसरा और रूबेला के दोनों टीके समय पर दिए जाएं, ताकि सभी बच्चों को अच्छी सेहत और बेहतर जीवन मिल सके। इसका लक्ष्य 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करना है।

## सतर्क रहें और निगरानी को और मजबूत करें राज्य

नड्डा ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 के बीच देश के 332 जिलों में खसरे का एक भी मामला सामने नहीं आया और 487 जिलों में रूबेला का कोई केस नहीं मिला। लक्ष्य की तरफ हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि बीमारियों पर नजर रखने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम को लगातार सक्रिय रखना और इसकी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करना बहुत जरूरी है। पोलियो और मातृ-नवजात टिटनेस की तरह इसे खत्म करके ही दम लेंगे। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे सतर्क, तैयार और सक्रिय रहें और बिना देर किए तुरंत कदम उठाने की नीति पर काम करें।

**कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए**

नड्डा ने राज्य के मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे सार्वजनिक और प्रेस मीटिंग्स आयोजित करें, ताकि बड़ी संख्या में लोगों को टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी दी जा सके।वे दूरदराज के क्षेत्रों, झुग्गी-बस्तियों, प्रवासी लोगों और ऐसे इलाकों में जाएं जहां बीमारियां बार-बार फैलती हैं, ताकि वहां के लोगों को भी टीकाकरण का लाभ मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

**कोटा।** दिल्ली से नीट की तैयारी करने आए छात्र का शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला।



शुरुआती जांच में बताया कि छात्र ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की है। लैंडमार्क सिटी इलाके में स्थित घटनास्थल पर आत्महत्या से संबंधित कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। 48 घंटे के भीतर आत्महत्या का यह दूसरा मामला है।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने जल जीवन मिशन योजना में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जोशी को जयपुर से हिरासत में लिया। ईडी का धनशोधन का मामला राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा जल जीवन मिशन योजना के संबंध में दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है।

### कोलकाता में 2 'कॉल सेंटर' मिले, 16 अरेस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार कर कथित रूप से विदेशी नागरिकों को



ठगने वाले फर्जी दो 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़ किया है। सेलिमपुर और बेहाला में दो अवैध 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की गई और वहां से कई मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, हेडफोन और दस्तावेज जब्त किए गए।

### 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार



कर 3 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। 10 हजार याबा टैबलेट जब्त कीं, जिनका मूल्य 3 करोड़ है।

लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बोले पीएम मोदी

# 'बिहार में रेल संपर्क को बढ़ावा' की प्रतिबद्धता को केंद्र ने पूरा किया, विद्युत आपूर्ति भी बढ़ेगी



बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने 1,170 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गोपालगंज में एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की भी आधारशिला रखी।

**प्रधानमंत्री ने मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपए की योजनाओं की दी सौगात**

एजेंसी ▶▶ मधुबनी

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी। बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मोदी ने गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

### विजन 2047 का लक्ष्य देश को नवाचार, सतत विकास के केंद्र में बदलना : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के 'विजन 2047' का लक्ष्य देश को नवाचार, सतत विकास और समावेशिता के केंद्र में बदलना है, जहां हर नागरिक उच्च गुणवत्ता वाला जीवन जी सके और देश की प्रगति लोगों पर केंद्रित और धरती के अनुकूल हो। प्रधानमंत्री का संदेश यहां तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पढ़ा गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा, ''यह विजन केवल आर्थिक प्रकृति का नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ नवाचार और आधुनिकता को अपनाने पर गर्व करता है।'' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) की इकाई स्वदेशी शोध संस्थान ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य ''विकास के भारतीय मॉडल'' के आधार पर 2047 की ओर भारत की विकास यात्रा के लिए दूरदर्शितापूर्ण अंतर्दृष्टि और रणनीतिक मार्ग तैयार करना है। प्रधानमंत्री ने 'विजन 2047: समृद्ध और महान भारत' विषय पर सम्मेलन के आयोजन की सराहना की और इसे एक विचारशील पहल बताया।



**5 लाभार्थियों को चाबियां दी, 10 लाख को किस्तें दी**

पीएम ने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित किए। देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी की गईं।

**ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

देशभर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएण मोदी ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया।

### अलौली में पहली बार दौड़ी ट्रेन, लोग उत्साहित होकर नाचने- झूमने लगे

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। तत्कालीन रेल मंत्री केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के गृह क्षेत्र अलौली में पहली



बार ट्रेन दौड़ी। इस का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया। स्पेशन ट्रेन अलौली से सहरसा के लिए रवाना की गई।पासवान ने 1998 में खगड़िया-कुशेश्वर रेलखंड की परियोजना की मंजूरी दी थी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल। यह सुविधा सामाजिक और आर्थिक रूप से एक बड़ा परिवर्तन है। स्थानीय लोगों में खासा उत्साह दिखा, झूमे और नाचे। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

नीतीश की फिर दो टूक

### हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक फिर भरोसा दिया कि वे भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर कहा कि उनकी पार्टी राजद के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया।

लाल आतंक पर कड़ा प्रहार

## 1 हजार नक्सलियों को सेना ने घेरा, पांच माओवादी ढेर



एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। करीगुट्टा की पहाड़ियों में घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों का मुकाबला किया। इसमें सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस अभियान में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 20,000 सुरक्षाकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। 1,000 से अधिक नक्सली अब सुरक्षाबलों के घेरे में हैं। सर्च अभियान में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सली ठिकानों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया। इस दौरान 6 सोलर प्लेट, 2 नक्सली वर्दियां, 2 छत पंखे, और अन्य सामग्री मिली है। अभियान का संचालन सीआरपीएफ की विशेष यूनिट कोबरा की 208वीं बटालियन द्वारा जीदपल्ली स्थित कैंप से किया जा रहा है।

**14 माओवादियों ने किया सरेंडर**

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) के 14 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग कैडरों से संबंधित 14 माओवादियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 2 एरिया कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं। इन्होंने वारंगल पुलिस आयुक्तालय में मल्टी जोन 1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि अब तक इस साल 250 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं।

**उच्चतम न्यायालय का फैसला**

### यूजीसी को रैगिंग, भेदभाव पर मसौदा नियम अधिसूचित करने की अनुमति दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को वर्ष 2025 के मसौदा नियम को अधिसूचित करने की अनुमति दे दी। ये नियम उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग, यौन उत्पीड़न और जाति, लिंग, दिव्यांगता तथा अन्य पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव को मिटाने के लिए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 24 मार्च के फैसले पर गौर किया, जिसमें ऐसे संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर विचार किया गया था और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने की खातिर एक राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया गया था। इसके मद्देनजर, हम यह स्पष्ट करना उचित समझते हैं कि यूजीसी मसौदा विनियम 2025 को अंतिम रूप देने के लिए आगे बढ़ सकता है और उसे अधिसूचित कर सकता है।''

बंगाल हिंसा का मामला अदालत पहुंचा

## अब हाईकोर्ट ने सुवेंदु को दी मुर्शिदाबाद जाने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट नेभाजपा नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को मुर्शिदाबाद के उन क्षेत्रों का दौरा



करने की अनुमति दी, जो हाल ही में संसद में पारित वक्फ विधेयक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान व्यापक हिंसा से प्रभावित हुए थे। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने यह अनुमति दी। साथ ही यह स्पष्ट किया,वे न तो कोई जुलूस निकालेंगे, न कोई रैली करेंगे और न ही कोई ऐसा सार्वजनिक भाषण देंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एडवोकेट ने उच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश देने के लिए यह रिट याचिका दायर की, जिससे याचिकाकर्ताओं को दो अन्य व्यक्तियों और सुरक्षा बलों के साथ धुलियान, सुत्ती और शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की अनुमति मिल सके। कोई अप्रिय घटना न हो।

डॉ. मांडविया ने शुरू की दो नई पहल

## 2036 ओलंपिक की तैयारी डिजिटली मिलेंगे प्रमाण पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देश के खेल क्षेत्र को मजबूत करने के लिए दो बड़ी पहलों



का उद्घाटन किया। इनमें नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च में रिटर्न टू स्पोर्ट्स सेल और डिजिलॉकर के जरिए खेल प्रमाणपत्रों की डिजिटल सुविधा शामिल है। इसका मकसद 2036 ओलंपिक के लिए भारत को तैयार करना है। मांडविया ने कहा कि सरकार देश के खेल क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ा रही है। डिजिलॉकर के जरिए अब खिलाड़ियों को उनके प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में आसानी से मिल सकेंगे। इससे प्रशासनिक काम तेज होगा और खिलाड़ियों को आर्थिक मदद मिलेगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और खेल फेडरेशनों में गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। हर फेडरेशन की जवाबदेही तय होगी। प्रत्येक खेल फेडरेशन के साथ कॉर्पोरेट साझेदारी की जा रही है।

## जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना उप राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी।

सोमवार रात वेंस दिल्ली से जयपुर पहुंचे थे। पहलगाम हमले के बाद जयपुर में सिटी पैलेस का उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था।अपनी इस भारत यात्रा के दौरान वेंस ने जयपुर में आमेर किला देखा

**स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गईं उषा वेंस**

और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका संबंधों पर भाषण दिया।

इससे पहले वे बुधवार को आगरा में ताजमहल देखने गए। वेंस परिवार ने सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। साथ ही राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर की मेजबानी की।

भारतीय प्रत्यर्पण मामला

### ब्रिटेन की अदालत ने वीरकरण को बिना शर्त जमानत पर छोड़ा

**लंदन (भाषा)।** लंदन की एक अदालत ने धोखाधड़ी के आरोपों में भारत में वांछित व्यवसायी को ब्रिटेन उच्च न्यायालय में अपील लंबित रहने तक बिना शर्त जमानत पर छोड़ दिया। मुख्य मजिस्ट्रेट पॉल गोल्डस्प्रिंग ने वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में संक्षिप्त सुनवाई के बाद वीरकरण अवस्थी को रिहा करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान संबंधित पक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने अवस्थी के खिलाफ प्रत्यर्पण मामले के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन वरिष्ठ जिला न्यायाधीश ने कहा कि वह भारत में प्रेस की रुचि को देखते हुए निष्पक्ष और संतुलित कवरेज सुनिश्चित करने के लिए खुली अदालत में फैसला सुनाना चाहते थे।

डब्ल्यूटीओ ने दी जानकारी

## ट्रंप की शुल्क नीतियों से वैश्विक व्यापार में गिरावट की आशंका

**जिनेवा (एपी)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बदलती शुल्क नीतियों और चीन के साथ गतिरोध के कारण इस वर्ष दुनिया भर में वस्तु के व्यापार में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। हालांकि डब्ल्यूटीओ ने चेताया है कि ट्रंप के जवाबी सीमा शुल्क की व्यवस्था पर अड़े रहने की स्थिति में वस्तु व्यापार में 1.5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। डब्ल्यूटीओ ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि सबसे कठोर शुल्क व्यवस्था के बगैर भी खासकर उत्तर अमेरिकी क्षेत्र में व्यापार में गिरावट देखने को मिलेगी। इस वर्ष वहां निर्यात में 12.6 प्रतिशत और आयात में 9.6% प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। वैश्विक व्यापार मंच ने कहा कि पहले 2025 और 2026 में विश्व व्यापार के निरंतर बढ़ने की उम्मीद थी लेकिन ट्रंप के व्यापार युद्ध ने डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्रियों को अपना पूर्वानुमान काफी हद तक कम करने के लिए मजबूर कर दिया।

मुद्राकोष प्रमुख बोले

## व्यापार विवादों को हल करने के लिए 'तत्परता से' कदम उठाएं

**वाशिंगटन (एपी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को देशों से वैश्विक आर्थिक वृद्धि को खतरा पहुंचाने वाले व्यापार विवाद हल करने के लिए 'तत्परता से' कदम उठाने का आग्रह किया। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विदेशी आयात पर उच्च शुल्क लगाने के आक्रामक अभियान से उपजी अनिश्चितता के कारण कंपनियां निवेश में देरी कर रही हैं और उपभोक्ता भी खर्च से परहेज कर रहे हैं। आईएमएफ एवं सहयोगी संस्था विश्व बैंक की बैठकों के दौरान बृहस्पतिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जॉर्जीवा ने कहा, ''अनिश्चितता व्यापार के लिए सही नहीं है। मुद्राकोष के इस वर्ष विश्व आर्थिक वृद्धि का पूर्वानुमान कम करने के दो दिन बाद जॉर्जीवा ने यह टिप्पणी की है। आईएमएफ ने अमेरिका के लिए भी अपने पूर्वानुमान को घटाया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी का ऐलान

# ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी मिलेगी सेफ्टी रेटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) और इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) के संयुक्त आयोजित व्हीकल एंड फ्लीट सेफ्टी कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जल्द ही ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा को भी भारत एनसीएपी के तर्ज पर सेफ्टी रेटिंग दी जाएगी। इसकी योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य निर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

सरकार देश में चलने वाले ट्रकों और इलेक्ट्रिक रिक्शा के लिए भी सेफ्टी रेटिंग का नियम लाने वाली है। कारों के के लिए भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम द्वारा दी जाने वाली सेफ्टी रेटिंग के तर्ज पर ही अब इन वाहनों को भी सेफ्टी रेटिंग मिलेग।

**जीएनसीएपी और आईआरटीई के संयुक्त अधिवेशन में यह बात कही**



**सेफ्टी और क्वालिटी में सुधार होगा**

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इसी तरह सरकार पहले से ही देश में बैटरी से चलने वाले ई-रिक्शा के लिए मानकों और सेफ्टी स्टैंडर्ड सिस्टम पर काम कर रही है, क्योंकि ई-रिक्शा में सेफ्टी को लेकर कई बार सवाल उठाए जा चुके हैं। इससे ई-रिक्शा के सेफ्टी और क्वॉलिटी में सुधार होगा, जिससे लोग सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे और रोजगार पैदा होगा।

**लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगे**

सड़क दुर्घटनाओं के बारे में गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसके चलते 1.8 लाख लोगों की मौत हो जाती है। सरकार की प्राथमिकता सड़क सुरक्षा, सुरक्षित राजमार्गों का विस्तार, सुरक्षित वाहन और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है।

### ट्रक ड्राइवरों का समय तय होगा, सुरक्षा भी बढ़ेगी

मंत्री गडकरी ने कहा कि सड़क मंत्रालय ट्रक ड्राइवरों के लिए काम के घंटे निर्धारित करने के लिए कानून पर भी काम कर रहा है। अभी वे दिन में 13-14 घंटे गाड़ी चलाते हैं। देश ट्रक ड्राइवरों की कमी का सामना कर रहा है, इसलिए सरकार देश भर में 32 अत्याधुनिक ड्राइविंग संस्थान स्थापित करने की भी योजना बना रही है। मंत्रालय ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडिशन की सुविधा और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम को पहले ही अनिवार्य कर दिया गया है।

